एक नजर में

## एसपी के निर्देशन में एएसपी ने की जनसुनवाई



**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी पद्मविलोचन शुक्ल (भापुसे) के निर्देशन में मंगलवार को एएसपी धीरज बब्बर द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने शिकायतें और समस्याएं प्रस्तुत की। जिन्हें एएसपी ने सुना एवं शीघ्र वैधानिक एवं पारदर्शी कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को 7 दिन में कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## एनएसएस शिविर से लौटे मंडलोई और बर्डे




**पानसेमल।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चित्रकूट जिला सतना में आयोजित राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में 8 मार्च से 14 मार्च में सहभागिता कर लौटे श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय के डॉ सुभाष मंडलोई एवं स्वयंसेवक विश्वास छगन बर्डे ने अपने अनुभव सांझा किए। डॉ मंडलोई ने बताया कि शिविर उनके लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक रहा। दल मैनेजर के रूप में उन्होंने स्वयंसेवकों के दल का सफलतापूर्वक नेतृत्व करते हुए समय प्रबंधन, समन्वय एवं संसाधनों के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। वहीं विश्वास बर्डे ने बताया कि शिविर में उन्हें अनुशासन, टीमवर्क एवं सेवा भावना का महत्व समझने का अवसर मिला। प्रशिक्षण सत्रों, समूह गतिविधियों एवं सामाजिक विषयों पर आधारित कार्यक्रमों में भाग लेकर उनके व्यक्तित्व एवं संवाद कौशल में सकारात्मक विकास हुआ है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ रूपसिंग मुझाल्दा, पानसेमल महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ बीएस मुझाल्दा ने दूरभाष से बधाई दी। उनके महाविद्यालय लौटने पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण रहा। प्राचार्या प्रो संगीता भंडारी, डॉ मंजुला चौहान, प्रो मनोज सोलंकी, प्रो आरती मुकाती, डॉ राजेश दिवाकर, डॉ निशा वास्कले, प्रो अभिनव पांडे सहित अन्य प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने दोनों का स्वागत करते हुए उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## जनसुनवाई में आए 60 आवेदन

**बड़वानी।** कलेक्टोरेट कार्यालय में मंगलवार को कलेक्टर जयति सिंह ने जनसुनवाई करते 60 आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सुना तथा आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

## पीथमपुर औद्योगिक संगठन के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न

इन्दौर. मध्यप्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक ग्रोथ सेंटर पीथमपुर, औद्योगिक क्षेत्र खेड़ा एवं विशेष आर्थिक प्रक्षेत्र के समस्त लघु, मध्यम एवं बड़े उद्योगों के प्रतिनिधि संघ पीथमपुर औद्योगिक संगठन के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए। संगठन के संचालक मण्डल ने केदार बांकड़ा को संचालक मंडल का सभापति एवं डॉ. गौतम कोठारी को संगठन प्रबंध समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया. संचालक मण्डल द्वारा किए गए मनोनयन में दिनेश मित्तल एवं देवेन्द्र पोरवाल उपसभापति मनोनीत किए गए. प्रबंध समिति के अन्य पदाधिकारियों में डॉ. दर्शन कटारिया संयुक्त अध्यक्ष, उमेश द्विवेदी मानसेवी महासचिव, राजेन्द्र मोदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल सबरवाल एवं अनिल अग्रवाल उपाध्यक्ष, हेमंत पारेख कोषाध्यक्ष, बासु टिबरेवाल सचिव, रमिन्दर चड्ढा कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत हुए. संचालक मण्डल द्वारा आयोजित सभा में संगठन की गत अवधि की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यकाल में संगठन की गतिविधियों को और अधिक विस्तृत करने हेतु प्रभावी चिन्तन हुआ. इस अवसर पर पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में संगठन के भवन निर्माण हेतु निर्णय लिया गया एवं विभिन्न उपसमितियों का गठन कर विभिन्न सदस्यों को दायित्व सौंपा गया.

## एजुकेट गर्ल्स ने शिक्षार्थियों को सम्मानित किया

इंदौर. एजुकेट गर्ल्स ने बड़वानी में अपना 18वाँ स्थापना दिवस मनाया. इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य ओपन स्कूल के माध्यम से कक्षा 10 की परीक्षा पास करने वाली शिक्षार्थियों की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया और संगठन के सामुदायिक मार्गदर्शकों (प्रेरक) और स्वयंसेवकों (टीम बालिका) के योगदान को भी सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम में सरकारी अधिकारी, साझेदार, स्वयंसेवक और शिक्षार्थी शामिल हुए. समारोह में कक्षा 10 पास करने वाली शिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया. इनमें से कई लड़कियाँ वर्षों बाद फिर से पढ़ाई से जुड़ी थीं. गायत्री नायर लोबो, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एजुकेट गर्ल्स, ने कहा अठारह साल पहले हमने एक सरल विश्वास के साथ शुरुआत की थी, हर लड़की को सीखने का अवसर मिलना चाहिए. आज हमारे टीम बालिका स्वयंसेवकों और प्रेरकों की मेहनत से लाखों लड़कियाँ और हजारों युवतियाँ दोबारा शिक्षा से जुड़ सकी हैं. हमारा लक्ष्य लड़कियों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने जीवन और समाज में बदलाव ला सकें.

## इकोफाई ने इन्वेस्टर्स से 380 करोड़ रुपए जुटाए

इंदौर. एवरसोर्स कैपिटल के समर्थन वाली एक जानी-मानी ग्रीन एनबीएफसी, इकोफाई ने आज 380.5 करोड़ रुपए (लगभग 42 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के नए इक्विटी कैपिटल के सफल क्लोजर की घोषणा की है. इस फंडिंग राउंड में दो बड़े ग्लोबल डीएफआई- ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट, यूके का डेवलपमेंट फाइनेंस इंस्टीट्यूशन और इम्पैक्ट इन्वेस्टर, और फिनफंड डिजिटल एक्सेस इम्पैक्ट फंड ने हिस्सा लिया और नए इन्वेस्टर्स के तौर पर शामिल हुए। इकोफाई की को-फाउंडर, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ राजश्री नांबियार ने कहा इकोफाई इस विश्वास पर बना था कि पिछले तीन सालों में हमने एक टेक्नोलॉजी पर आधारित, रिटेल पर फोकस करने वाला ग्रीन फाइनेंस प्लेटफॉर्म बनाया है, जिसमें मजबूत यूनिट इकोनॉमिक्स, डिसिप्लिन्ड रिस्क मैनेजमेंट और स्केलेबल इम्पैक्ट है. यह कैपिटल हमें अपनी पेशकशों को और बेहतर बनाने, डिस्ट्रीब्यूशन बढ़ाने और आकर्षक, रिस्क-एडजस्टेड रिटर्न देते हुए एक हाई-क्वालिटी ग्रीन लेंडिंग फ्रेंचाइजी बनाने में मदद करता है.

## मुंबई में रूसी पूंजीपति, बिजनेसमैन के साथ बैठक का आयोजन

**इंदौर.** तीसरा रूस-भारत फोरम वोल्गा से गंगा तक- सभ्यताओं का संवाद और पूंजी बाजारों का एकीकरण मुंबई में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में आयोजित किया जाएगा। यह रणनीतिक आयोजन भारतीय कंपनियों और वित्तीय संस्थानों को प्रमुख पूंजी धारकों, निवेशकों और रूस की निवेश नीति को आकार देने वाले प्रमुख व्यक्तियों तक सीधी पहुंच प्रदान करेगा. इस फोरम का मुख्य उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था में रूसी निवेश को आकर्षित करने के लिए व्यावहारिक तंत्रों पर ध्यान केंद्रित करना है, साथ ही दीर्घकालिक विकास की ओर उन्मुख संयुक्त परियोजनाओं को बढ़ावा देना है. फ़ोरम के चेयरमैन एडुआर्ड ग्रेकोव ने कहा वोल्गा से गंगा तक फ़ोरम सिर्फ़ एक चर्चा का मंच नहीं है; यह भारतीय और रूसी पूँजी बाज़ारों को सीधे जोड़ने का एक ज़रिया है. वैश्विक अर्थव्यवस्था में हो रहे बदलावों के बीच, भारत और रूस पूँजी के लेन-देन के लिए नए रास्ते बना रहे हैं, और मुंबई इस प्रक्रिया का केंद्र बन रहा है. हमारा मुख्य लक्ष्य रूस और भारत के बीच एक रणनीतिक गठबंधन बनाना है.

# राज्यसभा सांसद ने उठाया मुद्दा

**बड़वानी, (नवभारत)।** राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान डॉ सुमेरसिंह सोलंकी ने आदिवासी महिलाओं के साथ कथित रूप से हो रही धोखाधड़ी, उनके शोषण तथा आदिवासी भूमि के अवैध हस्तांतरण के गंभीर मुद्दे को सदन में उठाया और केंद्र सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया।

उन्होंने कहा कि कुछ गैर-आदिवासी व्यक्तियों द्वारा आदिवासी महिलाओं से विवाह के नाम पर छल किए जाने के मामले सामने आ रहे हैं, जिनका उद्देश्य उनकी भूमि पर अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रण स्थापित करना है। उन्होंने उल्लेख किया कि विवाह के बाद संबंधित महिलाओं के नाम पर अत्यंत कम मूल्य पर भूमि क्रय की जाती है और बाद में विभिन्न परिस्थितियों में उस संपत्ति को पैतृक स्वरूप देकर उच्च मूल्य पर विक्रय किया जाता है।

डॉ सोलंकी ने इस प्रवृत्ति को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए कहा कि इससे न केवल आदिवासी महिलाओं का शोषण हो रहा है, बल्कि दीर्घकाल में आदिवासी समुदाय की भूमि गैर-आदिवासी तत्वों के हाथों में स्थानांतरित होने का गंभीर खतरा भी उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के लिए भूमि केवल आर्थिक संसाधन नहीं, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान और जीवन पद्धति का आधार है।उन्होंने यह भी अवगत कराया कि मध्य प्रदेश सहित कुछ क्षेत्रों में अतीत में आदिवासी भूमि के हस्तांतरण से जुड़े मामलों में अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं, जिनकी समुचित जांच आवश्यक है।



उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा आदिवासी समुदाय को प्रदान किए गए विशेष संरक्षण के मद्देनजर उनके अधिकारों की रक्षा करना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अंत में उन्होंने केंद्र सरकार से अपेक्षा व्यक्त की कि आदिवासी समाज की भूमि, उनके अधिकारों और विशेष रूप से आदिवासी महिलाओं की सुरक्षा करने के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम शीघ्र उठाए जाएंगे, जिससे इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर दिया बल

इस संदर्भ में डॉ सोलंकी ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि ऐसे मामलों की व्यापक एवं निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यकतानुसार विधिक प्रावधानों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने आदिवासी महिलाओं की सुरक्षा एवं उनकी भूमि के संरक्षण के लिए ठोस कानूनी उपाय किए जाने, संदिग्ध परिस्थितियों में हुए भूमि हस्तांतरणों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा राज्य सरकारों को इस तरह की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# शब-ए-कद्र की मुबारक रात में की इबादत और दुआएं

**बड़वानी, (नवभारत)।** पवित्र माह रमज़ान के तीसरे अशरे में आने वाली मुबारक रात शब-ए-कद्र पर शहर की सभी मस्जिदों में मुस्लिम समाजजनों ने इबादत की। इस पवित्र रात में मस्जिदों में नमाज़ अदा की, कुरआन शरीफ की तिलावत की और अपने मरहुमीन की मग़फिरत के लिए दुआ की।

मस्जिदों में कुरआन शरीफ मुकम्मल होने पर विशेष दुआ का एहतमाम किया गया। इसके बाद हाफिज़ों व आलिमों का इस्तकबाल किया। इस मौके पर मस्जिदों में रौनक और इबादत का माहौल देखने को मिला।

बशीरन मस्जिद में हाफिज़ नवेद साहब ने तमाम आलम की भलाई और सलामती के लिए दुआ की। वहीं जामा मस्जिद में हाफिज़ अब्दुल जब्बार नूरी साहब ने दुआ कराई। सऊद मस्जिद, उस्मानिया मस्जिद, कदीमी मस्जिद व अन्य मस्जिदों में भी देश में अमन, शांति और भाईचारे की कामना करते हुए वतन की खुशहाली और तरक्की के लिए अल्लाह से दुआ मांगी।

सुन्नत मुस्लिम जमाअत व दारूल कजात के सदर एडवोकेट कय्युम कुरेशी ने इस मौके पर समाज के विद्वानों का आभार मानते हुए उनके द्वारा की गई सामाजिक सेवा की सराहना की। साथ ही बताया कि ईद उल फितर त्यौहार शहर की गंगा जमनी तहज़ीब के साथ मनाया जाएगा।

### शब-ए-कद्र की रात की अहमियत

समाजसेवी और पीआरओ असद खान ने बताया कि रमजान माह की बरकतों वाली पवित्र रात शब-ए-कद्र में पवित्र कुरआन शरीफ का अवतरण हुआ था। इस मुबारक रात में हज़रत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने अपनी उम्मत के लिए भाईचारा कायम रखने और मानवता के मार्ग पर चलते हुए सभी इंसानों के उत्थान के लिए दुआ की थी।

# देश के जवानों की दिनचर्या को जाना

**पानसेमल, (नवभारत)।** मध्यप्रदेश सरकार की मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत प्रदेश के अलग-अलग जिलों से विद्यार्थियों के चयन के बाद 11 मार्च को बड़वानी जिले के 23 विद्यार्थियों सहित 120 विद्यार्थियों का चयन हुआ। उन्हें राजस्थान के निकट भारत और पाकिस्तान की अंतराष्ट्रीय सीमा तनोट माता मंदिर, लोंगेवाला बॉर्डर का भ्रमण कराया गया। जहां उन्हें सैनिकों की दिनचर्या, सैनिकों के साहस और वीरता से जुड़ी जानकारी दी गई।



पानसेमल ब्लॉक से अर्जुन सोलंकी, सुरेश सोलंकी, साहिल कोली सहित 120 विद्यार्थी मौजूद रहे।अर्जुन सोलंकी एवं साथियों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि उन्हें बहुत प्रसन्नता हो रही है कि वे इस योजना के माध्यम से देश के जवानों की देश भक्ति को समझ पाए है। कठिन परिश्रम एवं मातृ भूमि की सेवा के जज्बे के साथ सैनिक सीमा पर डटे हुए हैं। उनके त्याग और समर्पण से सभी देशवासी चैन की नींद सोते हैं। योजना के दौरान चयनित सभी विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश सरकार का आभार जताया है।

## 14 युवाओं का हुआ चयन

**बड़वानी।** कलेक्टर जयति सिंह के मार्गदर्शन में 17 मार्च को सुबह 10.30 बजे से जिला रोजगार कार्यालय परिसर में युवा संगम (रोजगार मेला) का आयोजन हुआ। जिला रोजगार अधिकारी टीएस डूडवे ने बताया कि निजी कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने 14 युवाओं को रोजगार के लिए चयन किया। तेजो गेम्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड ने 10, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण प्रायवेट लिमिटेड 3 तथा श्री वरद पॉलीफेब प्रायवेट लिमिटेड द्वारा 1 युवा का चयन किया गया।

# वार्ड 10 में लगा जल सुनवाई शिविर

▶ शिविर के दौरान पेयजल के 30 नमूने लेकर की जांच।

**बड़वानी, (नवभारत)।** शहर के सेगांव हनुमान मंदिर के पास गौशाला रोड़ वार्ड क्रमांक 10 में नगर पालिका द्वारा 17 मार्च जल सुनवाई कैम्प लगाया गया। जिसमें जल गुणवत्ता परीक्षण कार्य अमृत मित्र महिलाओं और निकाय की टीम ने किया।

शिविर में निकाय के सहायक यंत्री पुष्पराज अजनारे, जलप्रदाय प्रभारी मुन्नालाल चौहान भी उपस्थित रहे। इस दौरान 30 पेयजल नमूने की जांच की गई, जिनमें वार्ड में निवासरत नागरिकों के घरों का पानी एवं वार्ड निवासियों के घरों पर स्थापित तथा सार्वजनिक कुएं के पानी की जांच की गई।




# नुक्कड़ नाटक से लोगों को दिया रेल सुरक्षा का संदेश

▶ रेल के साथ खेल नहीं अभियान के तहत किया आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर.** मंडल क्षेत्र में शरारती तत्वों द्वारा सवारी गाड़ियों पर पत्थरबाजी, रेलवे ट्रैक अथवा सहायक उपकरणों से छेड़छाड़, अनधिकृत रूप से ट्रैक पार करना तथा रेलवे ट्रैक पर पशुओं के दुर्घटनाग्रस्त होने जैसी घटनाओं से रेल संचालन प्रभावित होता है.



इन घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार के निर्देशन तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा आयुक्त रामराज मीना के नेतृत्व में रतलाम मंडल में 'रेल के साथ खेल नहीं' अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत रेल सुरक्षा बल के अधिकारियों और कर्मचारियों की विशेष टीम गठित की गई है. इसी क्रम में सोमवार को रेल सुरक्षा बल पोस्ट इंदौर के निरीक्षक जीवन सिंह तंवर, सहायक उपनिरीक्षक महेश चंद मीना एवं अन्य स्टाफ की टीम ने मांगलियागांव के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए. कार्यक्रम के अंतर्गत सत्य साईं पब्लिक माध्यमिक स्कूल, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मांगलिया गांव तथा इंदिरा नगर मांगलिया गांव में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया. इस दौरान लगभग 500 से अधिक विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.

### यात्रियों की सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रेल सुरक्षा बल की टीम ने लोगों को सवारी गाड़ियों पर पत्थर न फेंकने, रेलवे ट्रैक को अनधिकृत रूप से पार न करने, रेलवे लाइन पर पत्थर या अन्य वस्तुएं न रखने, रेलवे परिसर में वीडियो या रील न बनाने तथा रेलवे संपत्ति से छेड़छाड़ न करने के लिए जागरूक किया. साथ ही बताया गया कि ऐसी गतिविधियां रेल अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय अपराध हैं, जिनमें जुर्माना और कारावास दोनों का प्रावधान है. टीम ने यह भी बताया कि रेलवे एक राष्ट्रीय संपत्ति है, जिसका उपयोग आम नागरिक करते हैं. इसलिए यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है.

# दो शासकीय कॉलेजों को 2.71 करोड़ की सौगात

▶ भवन सुधार और बायोकेमिस्ट्री लैब बनेगी

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर।** शहर के दो शासकीय महाविद्यालयों में अधोसंरचना विकास के लिए राज्य सरकार ने करीब 2 करोड़ 71 लाख रुपये के निर्माण कार्यों को मंजूरी दी है। उच्च शिक्षा विभाग की स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही दोनों कॉलेजों में भवन सुधार, विस्तार और प्रयोगशाला से जुड़े विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। इन कार्यों के पूरा होने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी और कॉलेजों में पढ़ाई का माहौल और अधिक मजबूत होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर में भवन के रिनोवेशन, विस्तार और साइट डेवलपमेंट के लिए 2 करोड़ 56 लाख 12 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से कॉलेज भवन की मरम्मत, आवश्यक सुधार और परिसर के विकास से जुड़े कार्य किए जाएंगे। लंबे समय से भवन के उन्नयन और सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए यह स्वीकृति दी गई है. वहीं शासकीय माता जीजाबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मोतीतबेला में छात्राओं के लिए बायोकेमिस्ट्री लैब की स्थापना के लिए 15 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि मंजूर की गई है।

### पत्र लिखकर दी जानकारी

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने इस संबंध में इंदौर के सांसद शंकर लालवानी को पत्र लिखकर स्वीकृत कार्यों की जानकारी दी है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार मंजूर किए गए कार्यों को जल्द शुरू करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी ताकि तय समय में निर्माण कार्य पूरे हो सकें।




# रैडक्लिफ स्कूल के नए कैंपस का शुभारंभ

▶ फिनलैंड प्रेरित लर्निंग मॉडल की शुरुआत

**इंदौर. रैडक्लिफ स्कूल ने इंदौर में अपने नए कैंपस का शुभारंभ किया है, जो शहर में फिनलैंट वे ऑफ लर्निंग को लेकर आएगा. यह पहल फिनलैंड ग्लोबल एजुकेशन सोसायटी के सहयोग से की जा रही है. इंदौर में पहली बार फिनलैंड की शिक्षण पद्धति को लागू किया जा रहा है।**

रैडक्लिफ स्कूल के सीईओ हिमांशु यागिनक ने कहा फिनलैंड की शिक्षा पद्धति जिज्ञासु, आत्मविश्वासी और स्वतंत्र विचार वाले विद्यार्थियों को विकसित करने पर आधारित है, न कि केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाने वालों पर. यह पारंपरिक रटने और याद करने की पद्धति से आगे बढ़कर सीखने की एक आधुनिक और व्यावहारिक प्रक्रिया को बढ़ावा देता है. रैडक्लिफ स्कूल का उद्देश्य छात्रों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लर्निंग मॉडल प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और प्रतिस्पर्धी दुनिया में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल विकसित कर सकें. यह कैंपस छात्रों के लिए अनुकूल और प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है, जिसमें सीबीएसई की आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा गया है. इस अवसर पर बिज़नेस हेड तरुण नरूला, वाइस प्रेसिडेंट मार्केटिंग पूर्वा गोस्वामी, रीजनल हेड अमन शर्मा एवं प्रिंसिपल उदिता विक्रम भी उपस्थित रहे. रैडक्लिफ स्कूल इंदौर की प्रिंसिपल उदिता विक्रम ने कहा रैडक्लिफ स्कूल में हम बच्चों के लिए ऐसा सीखने का मंच प्रदान करने का प्रयास करते हैं जो उनकी जिज्ञासा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करे. इसी सोच के साथ फिनिश लर्निंग फिलॉसफी को सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ शामिल किया गया है, ताकि हमारे छात्र भविष्य के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें.

एक नजर में ▶ सारस्वत ब्राह्मण महिला मंडल की बहनों ने उत्साह के साथ मनाया रंगारंग गणगौर उत्सव

# इसर गौरा के रूप में सज-धजकर आई महिलाएं

**इंदौर. सारस्वत ब्राह्मण महिला मंडल का गणगौर महोत्सव रंगारंग बाने, दोहे सुनाने की स्पर्धा और इसर गौरा के रूप में सज-धजकर आई मंडल की बहनों ने पूरे जोश एवं उल्लास के साथ स्कीम 71 रिंग रोड स्थित सुरुचि गार्डन पर मनाया.**



मंडल की अध्यक्ष सरोज भण्डिया, मंत्री कृष्णा उपाध्याय एवं उमा बोहरा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महिलाओं द्वारा ढोल ढमाकों के बीच निकाले गए बाने के साथ हुआ. महिला मंडल की ओर से श्रीमती सुनीता ओझा, रत्ना पांडे, जया ओझा, चन्द्रकला ओझा, प्रतिभा ओझा, संगीता उपाध्याय एवं मीना तुगनावत ने सभी महिलाओं की अगवानी कर विभिन्न स्पर्धाओं का संचालन किया. सौभाग्यवती सुहागन महिलाओं ने पति का नाम लेकर मनोरंजक दोहे सुनाए, वहीं कुंवारी कन्याओं ने भी मनचाहे वर की कामना करते हुए व्रत का पालन किया. करीब 3 घंटे चले इस उत्सव में सारस्वत ब्राह्मण महिला मंडल ने अपनी परम्परा के अनुरूप शिव-पार्वती की आराधना कर परिवार, समाज एवं शहर में सुख, शांति और सद्भाव के लिए भी प्रार्थना की. संचालन कृष्णा उपाध्याय एवं उमा बोहरा ने किया. आभार माना अध्यक्ष सरोज भण्डिया ने.

## गणगौर बाना निकला, राजस्थानी नृत्य किया

**इंदौर.** जागृति महिला मंडल श्री वैष्णव धाम मंदिर बिचौली मर्दाना रोड द्वारा आज गणगौर बाना निकाला गया. मंडल की संयोजक रचना गुप्ता ने बताया कि महिला मंडल द्वारा माता की आराधना के बाद गाजेबाजे के साथ भव्य गणगौर बाना निकला गया. जिस में गणगौर माता को आधुनिक प्रकार की पोषक एंव गहनों से सजाया गया था. मंडल की भावना आहलूवालिया व सरिता छाबड़ा ने बताया कि गणगौर बाने के पहले बड़ी संख्याओं में अनेक प्रकार के पहनावे ओर श्रृंगारित मातृशक्तियो को गेम एंव गणगौर गाने पर प्रस्तुति दी गई. बाने में सजधज कर निकले भगवान शिव और देवी पार्वती की महिलाएं पूजा करती चल रही थीं. साथ ही गणगौर बाने में बड़ी संख्या में मातृशक्तियां राजस्थानी पोषक में सजधज के राजस्थानी नृत्य करते चल रही थी.

